एकेडमिक और रिसर्च कोलैबोरेशन को मजबूत करने

वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी और कॉकेशस यूनिवर्सिटी, जॉर्जिया के बीच एमओयू साइन

सच प्रतिनिधि ॥ भोपाल।

वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी ने कॉकेशस यूनिवर्सिटी, जॉर्जिया के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इसका मुख्य उद्देश्य दोनों संस्थानों के बीच शैक्षणिक सहयोग का एक ढांचा तैयार करना है।इस एमओयू के तहत, दोनों संस्थानों के बीच अंडरग्रेजुएट, पोस्टग्रेजुएट और डॉक्टरेट प्रोग्राम्स के छात्रों की मोबिलिटी, फैकल्टी और स्टाफ एक्सचेंज, जॉइंट रिसर्च व कंसल्टेंसी पहल, सेमिनार और एकेडमिक बैठकों में भागीदारी, शैक्षणिक संसाधनों का आदान-प्रदान, और शॉर्ट-टर्म एकेडमिक प्रोग्राम्स व कोलैबोरेटिव प्रोजेक्ट्स का विकास शामिल होगा।

इस पार्टनरशिप पर बात करते हुए सुश्री कादम्बरी एस विश्वनाथन असिस्टेंट वाईस प्रेसिडेंट, वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी ने कहा कि आज उच्च शिक्षा भौगोलिक सीमाओं से कहीं आगे निकल चुकी है, जिससे अंतर्राष्ट्रीय सहयोग छात्रों को भविष्य के लिए तैयार करने का एक बेहद अहम हिस्सा बन गया है। वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी में, हम एक ऐसा ग्लोबली कनेक्टेड लर्निंग एनवायरनमेंट बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जहां छात्रों और फैकल्टी को विविधतापूर्ण दृष्टिकोण, विचारों और अनुभवों का लाभ मिल सके।

कॉकेशस यूनिवर्सिटी के साथ हमारी यह साझेदारी इसी दिशा में एक और कदम है, जो हमारी उस सोच को दर्शाती है जिसका उद्देश्य शिक्षा को समृद्ध करने वाले, इनोवेशन को प्रेरित करने वाले और स्थायी शैक्षणिक मूल्य बनाने वाले सार्थक वैश्विक संबंध बनाना है। डॉ. टी. बी. श्रीधरन प्रो-वाईस चांसलर, वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समझौते तब सबसे ज्यादा फायदेमंद साबित होते हैं जब वे एक-बार के आदान प्रदान के बजाय सतत अकादमिक सहभागिता पैदा करते हैं।

कॉकेशस यूनिवर्सिटी के साथ यह साझेदारी फैकल्टी, रिसर्चर्स और छात्रों को ऐसी पहलों पर एक साथ काम करने का अवसर देती है जो टीचिंग एक्सीलेंस, रिसर्च और ग्लोबल लर्निंग में योगदान देती हैं। यह समझौता सहयोगात्मक शिक्षण, अनुसंधान और छात्र विकास पहलों के माध्यम से उच्च शिक्षा में अंतर्राष्ट्रीय जुड़ाव को विस्तार देने की साझी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इंटरडिसिप्लिनरी कोलैबोरेशन और एकेडमिक एक्सचेंज को सक्षम बनाकर, यह साझेदारी दोनों संस्थानों के छात्रों और फैकल्टी को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक्सपोजर प्राप्त करने, जॉइंट रिसर्च करने और ज्ञान साझा करने के बेहतरीन अवसर प्रदान करेगी। साथ ही, दोनों यूनिवर्सिटीज को एक-दूसरे की अकादमिक विशेषज्ञता और संसाधनों का लाभ उठाने का मौका भी मिलेगा।

एमआईटी-डब्ल्यूपीयू की टीम वेगापॉड हाइपरलूप ने शीर्ष 10 में बनाई जगह

भोपाल। एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी (एमआईटी-डब्ल्यूपीयू) के आधिकारिक हाइपरलूप क्लब टीम वेगापॉड हाइपरलूप ने यूरोपियन हाइपरलूप वीक 2026 में भारत का नाम रोशन किया है। नीदरलैंड के ग्रोनिंगन स्थित यूरोपियन हाइपरलूप सेंटर में आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में टीम ने दुनिया के प्रमुख इंजीनियरिंग संस्थानों के बीच वैश्विक स्तर पर 7वां स्थान हासिल किया। टीम के प्रदर्शन को देखते हुए उसे 'इमर्जिंग इंजीनियरिंग टैलेंट' पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। इसके अलावा, इंजीनियरिंग डिजाइन श्रेणी में टीम ने छठा स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि से उन्नत परिवहन तकनीक, इंजीनियरिंग डिजाइन और नवाचार के क्षेत्र में एमआईटी-डब्ल्यूपीयू के छात्रों की क्षमता सामने आई है।

वैश्विक मंच पर भारतीय छात्रों का प्रदर्शन

यूरोपियन हाइपरलूप वीक में दुनिया भर के अग्रणी इंजीनियरिंग संस्थानों की टीमें हिस्सा लेती हैं। प्रतियोगिता में टीम वेगापॉड हाइपरलूप का शीर्ष 10 में स्थान बनाना भारतीय इंजीनियरिंग छात्रों के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। टीम का प्रदर्शन हाइपरलूप जैसी भविष्य की परिवहन तकनीकों के विकास में छात्रों की बढ़ती रुचि और तकनीकी क्षमता को भी दर्शाता है। हाइपरलूप तकनीक का उद्देश्य अल्पधिक तेज, ऊर्जा-कुशल और भविष्य के अनुकूल परिवहन प्रणाली विकसित करना है।

अनुभवात्मक शिक्षा पर जोर

एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. राहुल वी. कराड ने टीम की सफलता पर कहा कि यूरोपियन हाइपरलूप वीक 2026 में टीम वेगापॉड की उपलब्धि अनुभवात्मक शिक्षा, अंतर-विषयक शोध और नवाचार आधारित शिक्षा की ताकत को दर्शाती है।

संस्कार सुधा फाउंडेशन का सतरंगी सावन 15 से

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ लगेगी स्व सहायता समूह की महिलाओं के उत्पादों की प्रदर्शनी

भोपाल। सामाजिक संस्था संस्कार सुधा फाउंडेशन प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी सतरंगी सावन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन 15 एवं 16 अगस्त 2026 को भोपाल के श्यामला हिल्स स्थित तुलसी मानस प्रतिष्ठान (मानस भवन) में किया जा रहा है।

संस्कार सुधा फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ. रश्मि अग्रवाल (सोनू दीदी) ने बताया कि कार्यक्रम में संस्था द्वारा स्व सहायता समूह तथा गृह उद्योग से जुड़ी बहनों के उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। जिससे उनके द्वारा तैयार घरेलू उत्पादों के प्रचार-प्रसार के साथ ही विक्रय किया जा सकेगा। इसके साथ ही सतरंगी सावन में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से महिलाओं द्वारा आकर्षक वस्तुओं के स्टॉल भी लगाए जाएंगे।

अध्यक्ष डॉ. रश्मि अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम के प्रथम दिन 15 अगस्त को देशभक्ति पर आधारित नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन तथा 16 अगस्त को गृहणी महिलाओं के लिए 16 श्रृंगार से सुसज्जित पारंपरिक वेशभूषा में तीज क्वीन, फैशन शो एवं सतरंगी सावन के मंच पर विभिन्न सामाजिक संस्थाओं एवं समाजसेवियों को सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सतरंगी सावन कार्यक्रम में शहर की अनेक विभूतियों के साथ ही लगभग 1500 से अधिक अतिथियों के शामिल होने की उम्मीद है।

सावन की सुहानी शाम गीत-गजल के नाम, आज चतुर्वेदी भवन में होगी पावस गीत-गजल संगोष्ठी

भोपाल। सावन की सुहानी शाम को गीत और गजलों से सजाने के लिए पावस गीत-गजल संगोष्ठी का आयोजन 13 अगस्त 2026, गुरुवार को शाम 5.30 बजे से चतुर्वेदी भवन, 152 रोहित नगर, फेस-2, भोपाल में किया जाएगा। नवनिर्मित चतुर्वेदी भवन के उद्घाटन अवसर पर होने वाले इस आयोजन का संयुक्त आयोजन राष्ट्रीय वनमाली सृजन पीठ, आईसेक्ट पब्लिकेशन एवं स्कोप ग्लोबल स्किल्स विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा किया जा रहा है। संगोष्ठी की अध्यक्षता सुप्रसिद्ध कवि-कथाकार, रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं विश्व रंग के निदेशक संतोष चौबे करेंगे। वरिष्ठ गीतकार यतीन्द्र नाथ राही मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

कार्यक्रम में प्रतिष्ठित कथाकार एवं वनमाली सृजन पीठ, भोपाल के अध्यक्ष मुकेश वर्मा, मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ. नुसरत मेहंदी तथा 'इलेक्ट्रॉनिकी आपके लिए' की कार्यकारी संपादक डॉ. विनीता चौबे विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगी। वरिष्ठ गीतकार डॉ. रामवल्लभ आचार्य का भी कार्यक्रम में आत्मीय सान्निध्य रहेगा।कार्यक्रम का स्वागत वक्तव्य वनमाली सृजन पीठ की राष्ट्रीय संयोजक एवं आईसेक्ट पब्लिकेशन की प्रबंधक सुश्री ज्योति रघुवंशी देंगी।

11 रचनाकार करेंगे रचना पाठ

पावस गीत-गजल संगोष्ठी में बलराम गुमास्ता, सुश्री साधना बलवटे, ऋषि श्रृंगारी, राजेंद्र गट्टानी, सुश्री ममता वाजपेयी, अजय चौबे, मनीष श्रीवास्तव 'बादल', मोहन सगोरिया, डॉ. मौसमी परिहार और सुश्री प्रतिभा द्विवेदी रचना पाठ करेंगे। संगोष्ठी का संचालन गजलकार बद्र वास्ती करेंगे, जबकि आभार संजय सिंह राठौर व्यक्त करेंगे। आयोजन में साहित्यप्रेमियों को सावन की भावनाओं से जुड़े गीत और गजलों का सृजनात्मक आस्वाद मिलेगा।

स्वतंत्रता दिवस पर सबधाणी कोचिंग का विशेष ऑफर, 2900 रुपए में 6 माह की तैयारी

सच प्रतिनिधि.भोपाल

सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए सबधाणी कोचिंग इंस्टीट्यूट ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विशेष ऑफर की घोषणा की है। 1972 से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करा रही संस्था द्वारा इस ऑफर के तहत कोर्स फीस में 60 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। विद्यार्थी मात्र 2,900 रुपये में प्रवेश लेकर छह माह तक विभिन्न प्रमुख सरकारी नौकरी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे। संस्था के अनुसार, इस विशेष फीस में पुलिस कॉन्स्टेबल, बैंक, रेलवे, एसएससी, व्यापम सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाएगी। कम फीस में गुणवत्तापूर्ण और संपूर्ण तैयारी का यह अवसर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए उपयोगी साबित हो सकता है।

सबधाणी कोचिंग के डायरेक्टर आनंद सबधाणी ने बताया कि 2,900 रुपए की फीस में विद्यार्थियों को केवल क्लासेस ही नहीं, बल्कि परीक्षा की संपूर्ण तैयारी के लिए कई सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इनमें बुक्स एवं स्टडी मटीरियल, टेस्ट पेपर, डाउट क्लासेस, सभी विषयों की शॉर्ट ट्रिक्स, कंप्लीट कोर्स, सेमिनार, इंटरव्यू की तैयारी, डेली बेसिस पर टाइम टेबल और मॉक इंटरव्यू सहित अन्य शैक्षणिक सुविधाएं शामिल हैं। उन्होंने बताया कि संस्था का उद्देश्य विद्यार्थियों को कम आर्थिक बोझ में बेहतर मार्गदर्शन उपलब्ध कराना और प्रतियोगी परीक्षाओं की समग्र तैयारी कराना है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर घोषित यह विशेष ऑफर 13 अगस्त से 22 अगस्त 2026 तक ही मान्य रहेगा।

एसआरएम यूनिवर्सिटी सिक्किम में ऑनलाइन एमबीए, एमसीए,बीबीए और बीसीए में दाखिले शुरू

भोपाल। एसआरएम यूनिवर्सिटी सिक्किम ने शैक्षणिक सत्र 2026 के लिए ऑनलाइन अंडरग्रेजुएट और पोस्टग्रेजुएट डिग्री प्रोग्राम में दाखिले शुरू कर दिए हैं। इनमें ऑनलाइन बीबीए, बीसीए, एमबीए और एमसीए शामिल हैं। विश्वविद्यालय के अनुसार, ये कार्यक्रम यूजीसी-डीईबी से मान्यता प्राप्त हैं और संस्थान को नैक से ए+ ग्रेड प्राप्त है। विश्वविद्यालय का कहना है कि ऑनलाइन डिग्रियां पारंपरिक कैंपस आधारित डिग्रियों के समकक्ष हैं। इन पाठ्यक्रमों का संचालन यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन के माध्यम से किया जा रहा है। विद्यार्थियों और कामकाजी पेशेवरों को ध्यान में रखते हुए पाठ्यक्रमों में फ्लेक्सिबल ऑनलाइन लर्निंग, रिकॉर्डेड वीडियो लेक्चर, साप्ताहांत में लाइव कक्षाएं, इंटरैक्टिव अध्ययन सामग्री और चर्चा मंच जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

उभरती तकनीकों में विशेषज्ञता का विकल्प

विश्वविद्यालय के अनुसार, पाठ्यक्रमों को उद्योग की जरूरतों के अनुरूप तैयार किया गया है। विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डेटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी, बिजनेस एनालिटिक्स, डिजिटल मार्केटिंग और सप्लाई चेन मैनेजमेंट जैसे तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्रों में विशेषज्ञता हासिल करने का अवसर मिलेगा।

ऑनलाइन बीबीए में व्यवसाय प्रबंधन, नेतृत्व, वित्त, मार्केटिंग और उद्यमिता की बुनियादी समझ के साथ एआई के साथ बिजनेस एनालिटिक्स और डिजिटल मार्केटिंग में विशेषज्ञता का विकल्प दिया गया है। विश्वविद्यालय के ऑनलाइन शिक्षा निदेशक डॉ. एच.एन. उदुपा ने कहा कि ऑनलाइन कार्यक्रमों को इस तरह तैयार किया गया है कि विद्यार्थी नौकरी या अन्य जिम्मेदारियों के साथ अपनी पढ़ाई जारी रख सकें। उन्होंने बताया कि पाठ्यक्रमों में अकादमिक शिक्षा के साथ प्रैक्टिकल अनुभव, उद्योग विशेषज्ञों से जुड़ाव और करियर सेवाओं को भी शामिल किया गया है।विश्वविद्यालय द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, ऑनलाइन एमबीए की कुल फीस 1.10 लाख रुपये, एमसीए की 1 लाख रुपये, जबकि बीबीए और बीसीए की कुल फीस 1.17 लाख रुपए प्रत्येक है।पात्र विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति की सुविधा भी उपलब्ध है।

मां तुझे सलाम 2026

छात्राओं ने पतंग में उकेरे तिरंगे के रंग

सच प्रतिनिधि ॥ भोपाल।

अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती अलका लांबा एवं मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती रीना बौरासी सेठिया के निर्देशानुसार माँ तुझे सलाम मेरी पतंग, मेरी अभिव्यक्ति, मेरी पहचान पतंग प्रतियोगिता कोलार स्थित भूमिका गार्डन में आयोजित किया की गई। छात्राओं ने अपनी पतंगों पर देशप्रेम, न्याय, समानता और अपनी सुंदर अभिव्यक्ति के रंगों को उकेरा। बेटियों का यह उत्साह, उनकी रचनात्मकता और आँखों में देश के प्रति प्रेम ने भारत के भविष्य के उज्जवल होने का संदेश दिया। महिला कांग्रेस महासचिव महक राणा ने बताया कि किसी छात्रों ने पतंग पर तिरंगा उकेरा तो किसी ने प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी की तस्वीर पतंग पर उकेरी। इस अवसर पर बच्चियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत गीत भी गए। समापन के अवसर सभी को प्रतियोगिता में सहभागिता के प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

मित्ता रोर और स्वरा वर्मा 'गन और गुलाब' में लेकर आए हरियाणवी पॉप की दमदार एनर्जी

भोपाल। हरियाणवी पॉप के तेजी से उभरते सितारे मित्ता रोर ने सिंगर स्वरा वर्मा के साथ अपने नए गाने 'गन और गुलाब' से वापसी की है। यह अपबीट और हाई-एनर्जी ट्रैक रोमांस, आत्मविश्वास, मस्ती और मित्ता के सिग्नेचर स्वैग का शानदार मिश्रण है। 'शिशा' की सफलता के बाद मित्ता का यह नया गाना उनके संगीत के एक नए और चुलबुले अंदाज को सामने लाता है।

'गन और गुलाब' की कहानी एक ऐसे कपल के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसमें प्यार और मीठी अंदाज का दिलचस्प मेल देखने को मिलता है। गाने का पुरुष किरदार दुनिया के सामने निडर और आत्मविश्वासी नजर आता है, लेकिन अपनी प्रेमिका के सामने उसका नरम पक्ष सामने आ जाता है। यही विरोधाभास गाने को मनोरंजक बनाता है। स्वरा वर्मा की सहज और मधुर आवाज मित्ता रोर के दमदार अंदाज के साथ अच्छी केमिस्ट्री बनाती है। दोनों की आवाजों के बीच की चुलबुली नोकझोंक गाने को एक अलग आकर्षण देती है। हरियाणवी फ्लेवर, आकर्षक धुन और आधुनिक प्रोडक्शन के साथ तैयार यह ट्रैक रोमांस और एटीट्यूड को एक साथ पेश करता है। मित्ता रोर ने गाने के बारे में कहा कि 'गन और गुलाब' दो बिल्कुल अलग दुनिया का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनके मुताबिक, इंसान दुनिया के सामने कितना भी निडर क्यों न हो, उसकी जिंदगी में कोई न कोई ऐसा जरूर होता है जो उसके भीतर के नरम पक्ष को सामने लाता है। गाने में इसी विरोधाभास को मजेदार अंदाज में दिखाने की कोशिश की गई है। मित्ता ने कहा कि वह चाहते थे कि गाने में प्यार के साथ थोड़ा एटीट्यूड, थोड़ा खतरा और भरपूर पर्सनैलिटी महसूस हो। स्वरा वर्मा की मौजूदगी ने इस केमिस्ट्री में नया आयाम जोड़ा है। 'गन और गुलाब' में मित्ता रोर का सिग्नेचर हरियाणवी साउंड बरकरार है, लेकिन इसमें रोमांटिक टच भी जोड़ा गया है। वहीं स्वरा वर्मा अपनी आवाज के जरिए गाने में मिठास, आकर्षण और मस्ती का संतुलन लेकर आती हैं। क्षेत्रीय संगीत और आधुनिक प्रोडक्शन के मेल के साथ तैयार यह ट्रैक हरियाणवी पॉप के श्रोताओं के लिए एक नया और एनर्जेटिक म्यूजिकल एक्सपीरियंस पेश करता है।

सच अलर्ट

प्रतिभाशाली स्टूडेंट्स के लिए देश के विभिन्न संस्थानों द्वारा दी जाने वाली स्कॉलरशिप, अवार्ड और प्रतियोगिताओं की जानकारी अब buddy4study के सहयोग से सच एक्सप्रेस पर। आवेदन के लिए लिंक करें
www.buddy4study.com

आईसीपीसी इंटर्नशिप प्रोग्राम 2025

- विवरण: आईसीपीसी इंटर्नशिप प्रोग्राम 2025, पॉलिसी, पॉलिटिक्स एंड गवर्नेंस फाउंडेशन द्वारा अंतिम वर्ष या पूर्व-अंतिम वर्ष के स्नातक छात्रों को प्रदान किया जा रहा है। यह इंटर्नशिप कार्यक्रम युवा, उत्साही व्यक्तियों को राजनीतिक और नीति निर्माण पारिस्थितिकी तंत्र का अन्वेषण है अनुभव कराता है।
- मानदंड: आवेदन अंतिम वर्ष या पूर्व-अंतिम वर्ष के स्नातक अध्ययनरत छात्रों के लिए जारी है। उन्हें स्नातक अध्ययन पूर्ण करने के बाद राजनीतिक या नीति रणनीति परामर्श में करियर बनाने में रुचि होनी चाहिए।
- इनाम/लाभ: रुपए 5,000 का मासिक स्टाइपेंड तथा सहभाग प्रमाण पत्र।
- अंतिम तिथि: पूरे वर्ष आवेदन आमंत्रित हैं।
- आवेदन कैसे करें: केवल ऑनलाइन आवेदन स्वीकार्य
- आवेदन लिंक:. www.b4s.in/sach/ICPI1
- QR Code: https://dle9eg0t05513.cloudfront.net/static/images/scho-media/icpc-internship-programme-2025177433090 6.png

नेशनल फेलोशिप स्कीम फॉर शेड्यूल्ड कास्ट स्टूडेंट्स (एनएफएससी) 2026

- विवरण: नेशनल फेलोशिप स्कीम फॉर शेड्यूल्ड कास्ट स्टूडेंट्स (एनएफएससी) 2026, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा प्रदान किया जा रहा एक अवसर है। यह फेलोशिप यूजीसी-मान्यता प्राप्त संस्थानों में विज्ञान, मानविकी, या सामाजिक विज्ञान संकायों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले अनुसूचित जाति के छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है। पात्र छात्रों को प्रत्येक वर्ष 2,000 नई फेलोशिप प्रदान की जाती है।
- मानदंड: सम्बंधित राज्य सरकारों द्वारा सूचीबद्ध अनुसूचित जाति वर्ग के छात्रों के लिए आवेदन जारी है। आवेदकों को यूजीसी-मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों या अनुसंधान संस्थानों में पूर्णकालिक, नियमित एम.फिल. या पीएच.डी. कार्यक्रमों में नामांकित होना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त, उन्हें राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) या स्नातक अभिमान्त्रिकी प्रवेश परीक्षा (गेट) में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
- इनाम/लाभ: प्रति माह अधिकतम 35,000 रुपये तथा अन्य लाभ।
- अंतिम तिथि: 20-12-2026
- आवेदन कैसे करें: यूजीसी-नेट-जेआरएफ या यूजीसी-सीएसआईआर नेट-जेआरएफ परीक्षा के मेरिट आधारित चयन द्वारा ऑफलाइन आवेदन स्वीकार्य।
- आवेदन लिंक: www.b4s.in/sach/NFSC1
- QR Code: https://dle9eg0t05513. cloudfront.net/static/images/scho-media/national-fellowship-scheme-for-scheduled-caste-students-nfsc-20261769489377.png

नोकिया फाउंडेशन स्कॉलरशिप

- विवरण: नोकिया फाउंडेशन स्कॉलरशिप 2026, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकियों (आईसीटी) या सम्बन्धित क्षेत्रों में पीएचडी प्राप्त कर रहे छात्रों को नोकिया फाउंडेशन द्वारा प्रदान किया जा रहा है। यह डॉक्टरेल उम्मीदवारों को अपनी शोध कार्य को सुरक्षता एवं उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के लिए प्रोत्साहित करने एवं उद्देश्य रखता है।
- मानदंड: आवेदन किसी विश्वविद्यालय में आईसीटी या सम्बन्धित तैक्निक क्षेत्रों में डॉक्टरेल डिग्री प्राप्त कर रहे छात्रों के लिए जारी है। आवेदकों के पास आवेदन के समय डॉक्टरेल शोध प्रबंध से सम्बन्धित कम से कम एक स्वीकृत प्रस्तावना होना अनिवार्य है, तथा उच्च गुणवत्ता युक्त, तीव्र गति के साथ डॉक्टरेल अध्ययन का अच्छा रिकॉर्ड होना आवश्यक है। उन्हें पूर्व में यह स्कॉलरशिप प्राप्त न हुई हो।
- इनाम/लाभ: रु 7,500 तक की स्कॉलरशिप राशि।
- अंतिम तिथि: 15-09-2026
- आवेदन कैसे करें: केवल ऑनलाइन आवेदन स्वीकार्य
- आवेदन लिंक: /www.b4s.in/sach/NKSP2
- QR Code : https://dle9eg0t05513. cloudfront.net/static/images/scho-media/nokia-foundation-scholarship-20261773726760.png

एएमपी स्कॉलरशिप फंड फॉर हायर एजुकेशन 2026

- विवरण: एएमपी स्कॉलरशिप फंड फॉर हायर एजुकेशन 2026, एसोसिएशन ऑफ मुस्लिम प्रोफेशनल्स द्वारा प्रदान की जा रही है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंद और योग्य मुस्लिम छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है, ताकि वे अपनी उच्च और व्यवसायिक शिक्षा को अधिक सुगमता से जारी रख सकें।
- मानदंड: उन छात्रों के लिए आवेदन जारी है, जिन्होंने किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से कक्षा 12 वी समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की हो। उन्हें अपनी उच्च शिक्षा के अंतर्गत पेशेवर, व्यावसायिक या तकनीकी पाठ्यक्रम में अध्ययनरत होना चाहिए। आवेदकों का यह यूजीसी/एआईसीटीई-मान्यता प्राप्त सरकारी या निजी संस्थान में नामांकित होना अनिवार्य है, साथ ही शैक्षणिक योग्यता और आर्थिक आवश्यकता का प्रदर्शन करना होगा। उन्हें हरिया दिशा-निर्देशों के अनुसार ऊपरात प्राप्त करने की पात्रता होना अनिवार्य है।
- इनाम/लाभ: रुपए 10,000 की वित्तीय सहायता।
- अंतिम तिथि: 31-08-2026
- आवेदन कैसे करें: केवल ऑनलाइन आवेदन स्वीकार्य
- आवेदन लिंक: www.b4s.in/sach/AHE5
- QR Code: https://dle9eg0t05513.cloudfront.net/static/images/scho-media/amp-scholarship-fund-for-higher-education-20261782807407.png

एजुकेशन फ्यूचर इंटरनेशनल स्कॉलरशिप 2026

- विवरण: एजुकेशन फ्यूचर इंटरनेशनल स्कॉलरशिप 2026, एजुकेशन फ्यूचर संगठन द्वारा उन मेधावी भारतीय छात्रों को प्रदान की जा रही है जो विदेश में अपनी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।
- मानदंड: आवेदन वैध पासपोर्ट युक्त भारतीय नागरिकों के लिए जारी है, जो भारत से बाहर किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/कॉलेज में पूर्णस्नातक/स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में अध्ययनरत हैं। आवेदकों द्वारा 10वीं एवं 12वीं कक्षा में न्यूनतम 60त्न अंक प्राप्त करना आवश्यक है तथा शिक्षा वित्त पोषण हेतु आर्थिक अभाव यह प्रदर्शन करने में सक्षम होना अनिवार्य है।
- इनाम/लाभ: रुपए 2 से रुपए 10 लाख के बीच की छात्रवृत्ति।
- अंतिम तिथि: 30-08-2026
- आवेदन कैसे करें: केवल ऑनलाइन आवेदन स्वीकार्य
- आवेदन लिंक: www.b4s.in/sach/EFIS1
- QR Code: https://dle9eg0t05513.cloudfront.net/static/images/scho-media/education-future-international-scholarship-20261782807435.png